# प्रादेशिक समाचार
# दिनांक–15.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तीन अग्रणी नौसैनिक युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने मुंबई में नौसेना बेड़े में आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को शामिल किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये युद्धपोत भारतीय रक्षा बलों और आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज पहली और दूसरी जेपीएससी समेत अन्य परीक्षाओं की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से ट्रायल कोर्ट में दाखिल चार्जशीट की कॉपी जमा करने के लिए समय देने की मांग की। अदालत ने मांग को स्वीकार करते हुए इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

*******************

राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने पश्चिमी सिंहभूम स्थित रामतीर्थ धाम को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की घोषणा की है। पश्चिमी सिंहभूम में झारखंड–ओडिसा सीमा पर अवस्थित पवित्र वैतरणी नदी तट पर मकर संक्रांति के मौके पर गंगा आरती में भाग लेते हुए श्री बिरुआ ने कहा कि आम लोगों से राय लेकर एक वर्ष के भीतर रामतीर्थ धाम को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जायेगा।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन कल झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। डा. मुरुगन कल दोपहर बाद रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए रवाना हो जायेंगे। तीनों ही दिन वे आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम में रहेंगे। पहले दिन वे जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दूसरे दिन यानी 17 जनवरी को वे जगन्नाथपुर आइटीआई और किरिबुरु सेल माइंस के अलावा कई अन्य स्थानों का दौरा करेंगे। आखिरी दिन वे विभागीय प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

*******************

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत चतरा जिले के सरकारी विद्यालयों के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर लेकर जाया जाएगा।

*******************

अफीम की अवैध खेती के खिलाफ राज्यभर में सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में खूंटी जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में अभियान चलाकर अफीम की खेती करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर यह अभियान डीएसपी वरुण रजक के नेतृत्व में सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्रों में चलाया गया।

*******************

डालटनगंज जिले में स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने आपत्ति जताई। समाजसेवियों ने इसे उपभोक्ताओं पर थोपा गया निर्णय बताया और सरकार से कार्रवाई रोकने की मांग की।

*******************

सरायकेला खरसावां के गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर में मकर संक्रांति के अगले दिन अखान यात्रा पर वार्षिक पूजा और मेले का आयोजन हुआ। भगवान बलराम को ग्राम देवता मानते हुए मिट्टी के घोड़े चढ़ाने की परंपरा निभाई गई हजारों भक्तों ने मेले में श्रद्धा और उत्साह से भाग लिया।

*******************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आखिरी दिन झारखंड के खाते में तीन कांस्य पदक आये। बालिका वर्ग के लांग जंप में सोनी कुमारी और बालक वर्ग में साहिबगंज आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के संतोष मुर्मू ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा चार गुना सौ मीटर बालक वर्ग में भी झारखंड की झोली में कांस्य पदक आया। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम आठवें स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु की टीम ओवर ऑल चौंपियन रही। उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता बनी।

*******समाप्त*******